बिहार सरकार
मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग
(निबंधन)
आदेश

पटना, दिनांक–.....

का0आ0सं0– AW-367/7/2025-SEC_8B-REG -...821.../– जिला अवर निबंधक, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी द्वारा श्री पंकज कुमार, निम्न वर्गीय लिपिक, जिला निबंधन कार्यालय, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के विरूद्ध मौजा–सुगौली, थाना नं0–38, वार्ड न0–07, अंचल व नगर पंचायत सुगौली, खाता–1003, खेसरा–1599 से संबंधित निबंधन दस्तावेज संख्या–523/25 के स्थल निरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए अनुशासनिक कारवाई करने हेतु आरोप पत्र उपलब्ध कराया गया।

विभागीय पत्रांक–1254 दिनांक–12.03.2025, पत्रांक–4414 दिनांक–04.08.2025 एवं पत्रांक–4897 दिनांक–21.08.2025 द्वारा जिला अवर निबंधक, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के द्वारा उपलब्ध कराये गये आरोप पत्र संलग्न करते हुए आरोपी कर्मी श्री कुमार से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। उक्त निदेश के अनुपालन में श्री कुमार द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया। उनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण पर विभागीय पत्रांक–5606 दिनांक–24.09.2025 द्वारा सहायक निबंधन महानिरीक्षक, तिरहुत प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर से स्थलीय जाँच कर जाँच प्रतिवेदन की मांग की गयी जिसके अनुपालन में सहायक निबंधन महानिरीक्षक, तिरहुत प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर द्वारा अपने कार्यालय पत्रांक–4105 दिनांक–04.12.2025 द्वारा स्थलीय जाँचोपरांत अपना जाँच प्रतिवेदन समर्पित किया गया।

श्री कुमार के द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण एवं सहायक निबंधन महानिरीक्षक, तिरहुत प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर के द्वारा समर्पित स्थलीय जाँच प्रतिवेदन का अनुशासनिक प्राधिकार के द्वारा समीक्षा की गयी। अनुशासनिक प्राधिकार के द्वारा समीक्षोपरांत श्री पंकज कुमार, निम्न वर्गीय लिपिक, जिला निबंधन कार्यालय, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण को स्वीकृत करते हुए श्री कुमार को ससमय एवं त्वरित रूप से सरकारी नियमों का अक्षरशः अनुपालन करने हेतु भविष्य के लिये सचेत करते हुए आरोप मुक्त किया जाता है।

इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/–
(संजय कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– AW-367/7/2025-SEC_8B-REG - ...821.../– पटना, दिनांक–06.02.26

प्रतिलिपि–डॉ0 संजय कुमार, उप निबंधन महानिरीक्षक/सहायक निबंधन महानिरीक्षक, तिरहुत प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर/जिला अवर निबंधक, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी/प्रशाखा पदाधिकरी, प्रशाखा–06/आई0टी मैनेजर, मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु/श्री पंकज कुमार, निम्न वर्गीय लिपिक, जिला निबंधन कार्यालय, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6/2/26
सरकार के संयुक्त सचिव
6/2/26 बिहार, पटना।